## संपादकीय

# जान है तो जहान है

पूरी दुनिया में कोरोना वायरस जो मौत का तांडव खेल रहा है और दुनिया जिस तरह आतंक में जी रही है, उसमें ओलंपिक खेलों के होने का कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा था। यह संभव भी नहीं था क्योंकि अब तक ओलंपिक में भाग लेने वाले लगभग आधे खिलाड़ियों का फैसला भी नहीं हो सका था। महामारी के चलते तमाम खेलों की क्वालीफाइंग स्पर्धाएं भी आयोजित नहीं की जा सकी थीं। इतना ही नहीं, पहले कनाडा ने ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लेने की घोषणा कर दी थी, फिर आस्ट्रेलिया ने भी ऐसी घोषणा कर दी। जाहिर-सी बात है कि जब ओलंपिक में वर्चस्व बनाये रखने वाले अमेरिकी, चीन, इटली व फ्रांस जैसे देश ही अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं तो खेलों में इनकी भागीदारी कैसे संभव हो पाती। वहीं दूसरी ओर दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भी इंटरनेशल ओलंपिक कमेटी से खेलों को स्थगित करने के लिए दबाव बना रहे थे। तमाम खिलाड़ियों का कहना था कि ओलंपिक के लिए मैदानों में अभ्यास के लिए उतरकर हम स्वयं, परिवार, समाज व देश को खतरे में कैसे डाल सकते हैं। वैसे भी खेल उद्दात मानवीय गुणों का प्रदर्शन है, जिसका आयोजन तभी अच्छा लगता है जब हर तरफ सुख-शांति की सामान्य स्थितियां हों। कोरोना का विकराल दंश इतना घातक है कि जापान में आयोजन समिति के उप-प्रमुख तक कोरोना वायरस की चपेट में आ गये हैं।

इस बात का अहसास जापान को भी था और आईओसी को भी। बस वे इस कोशिश में थे कि पहल कौन करे। आयोजन की तैयारियों में बड़ी रकम लगी है। जापान यदि खुद पहल करता तो संभव था कि कल वह कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने के आरोप में अरबों डॉलर के मुआवजा देने को बाध्य होता जबकि आईओसी ऐसा कर सकती है। आखिरकार अब आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक और जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की बीच हुई बातचीत के बाद ओलंपिक खेल एक साल के लिए टाले जाने पर सहमति बन गई। निःसंदेह इस साल 24 जुलाई से नौ अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों का एक साल तक के लिए टलना ऐतिहासिक फैसला है। ऐसा पहली बार ही हुआ है। हालांकि, विश्वयुद्ध के चलते ओलंपिक खेल कई बार रद्द हो चुके हैं। यह अच्छी बात है कि खेल एक साल बाद होंगे, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल नहीं टूटेगा। खेलों का रद्द होना खिलाड़ियों के लिए किसी वज्रपात से कम नहीं होता। तमाम खिलाड़ी चार साल ही अपनी स्पर्धाओं की तैयारी में जुटे होते हैं। कुछ अपना पूरा जीवन इन खेलों की तैयारी के लिए लगा देते हैं। लाखों खिलाड़ियों का सपना होता है कि वे ओलंपिक खेलों में भाग लें और पदक जीतें। कई खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्र व क्षमता की दहलीज पर होते हैं, ऐसे में खेलों का रद्द होना उनके सपनों का ध्वस्त होना होता है।

# एयर डेक्कन ने किया परिचालन बंद, कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** क्षेत्रीय विमानन कंपनी एयर डेक्कन कोरोना वायरस संकट की वजह से पैदा हुए दबाव को नहीं झेल पा रही है और अपना परिचालन बंद करने की घोषणा की है।

साथ ही उसने सभी कर्मचारियों को बिना वेतन के छुट्टी पर भेज दिया है। कोरोना वायरस संकट से निपटने के लिए सरकार ने देश में 21 दिन का 'प्रतिबंध' लगा रखा है। इस राष्ट्रव्यापी बंदी से विमानन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

एयर डेक्कन पहली विमानन कंपनी बन गई है जो इस दबाव को नहीं झेल पाई है। एयर डेक्कन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अरुण कुमार सिंह ने कर्मचारियों को भेजे ई-मेल में कहा कि 'मौजूदा घरेलू और वैश्विक मुद्दों की वजह से नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 14 अप्रैल तक सभी वाणिज्यिक उड़ानें बंद करने का निर्देश दिया है। ऐसे में एयर



डेक्कन के पास अगले नोटिस तक अपना परिचालन बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि भारी मन से मुझे यह सूचित करना पड़ रहा है कि एयर डेक्कन के सभी स्थायी, अस्थायी और ठेका कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से बिना वेतन के छुट्टी पर भेजा जा रहा है।

एयर डेक्कन के बेड़े में चार 18 सीटों के बीचक्राफ्ट विमान है। एयरलाइन पश्चिम भारत में क्षेत्रीय मार्गों पर परिचालन करती है। मुख्य रूप से एयरलाइन का केंद्र गुजरात है।

सिंह ने कहा, ''अगले सप्ताह प्रबंधन कुछ महत्वपूर्ण पदों को जारी रखने के लिए विभाग प्रमुखों के साथ बैठक करेगा।

इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि जब उचित समय आएगा तो एयरलाइन सीमित प्रयासों से परिचालन फिर शुरू कर सकेगी। उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से आपको भरोसा दिलाता हूं कि जब डेक्कन अनुकूल परिस्थितियों में परिचालन फिर शुरू करेगी तो सभी मौजूदा कर्मचारियों को उनके वर्तमान पदों पर काम करने का प्रस्ताव पहले दिया जाएगा।

## ओपेक की बैठक टलने से कच्चा तेल टूटा

**मुंबई (आरएनएस)।** तेल बाजार की हिस्सेदारी को लेकर छिड़े संग्राम में अमेरिकी मध्यस्थता से युद्धविराम आने की उम्मीदों से पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में जबरदस्त तेजी आई थी।

मगर, तेल बाजार की हिस्सेदारी की प्रतिस्पर्धा के दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी रूस और सउदी अरब के बीच इस बाबत संभावित बैठक गुरूवार तक के लिए टलने से तेल की तेजी पर ब्रेक लग गया। सउदी अरब तेल निर्यातक देशों का समूह ओपेक का प्रमुख सदस्य होने के साथ-साथ अमेरिका के





बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक है। वहीं, रूस दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है।

बेंचमार्क कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड के सबसे सक्रिय सौदे में पिछले सत्र के मुकाबले दो फीसदी जबकि अमेरिकी लाइट क्रूड वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट में तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ कारोबार चल रहा था।


## लॉकडाउन में भी ऑनलाइन कोचिंग ले रही हैं मैरी कॉम

**नईदिल्ली।** ओलिंपिक्स भले ही एक साल के लिए टल गया है लेकिन लॉकडाउन में भी कोच खिलाड़ियों को रोजाना तैयारी करवा रहे हैं। बॉक्सर एमसी मैरी कॉम के कोच छोटेलाल यादव ने बताया कि अभी वह भले ही मैरी कॉम के पास नहीं हैं, लेकिन रोजाना वीडियो कॉल के जरिए उन्हें टिप्स दे रहे हैं। केवल मैरी कॉम ही नहीं, बाकी बॉक्सर भी इसी तरह तैयारी कर रहे हैं। छोटेलाल ने बताया, इन दिनों हम लोग ऑनलाइन तैयारी करवा रहे हैं। घर में किस तरह ट्रेनिंग कर सकते हैं।

## आयोजनकर्ताओं को टी-20 विश्व कप तय समय पर होने की उम्मीद

**मेलबर्न।** दुनियाभर में फैली कोरोनावायरस महामारी के बावजूद टी-20 क्रिकेट विश्व कप के आयोजनकर्ताओं को उम्मीद है कि आस्ट्रेलिया में इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाला यह टूर्नामेंट अपने तय समय पर होगा।

कोरोनावायरस के कारण पूरी दुनिया में सभी खेल गतिविधियां रुकी हुई हैं। इस महामारी के कारण कई टूर्नामेंट या तो रद्द कर दिए गए हैं या फिर स्थगित कर दिए हैं। ऐसे में 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक होने वाले टी-20 विश्व कप पर भी खतरे के बादल मंडरा रहा





है। आस्ट्रेलिया में होने वाली आस्ट्रेलियाई फुटबाल लीग (एएफएल) और नेशनल रग्बी लीग सीजन को कोरोनावायरस के कारण पहले ही निलंबित किया जा चुका है। इन लीग की तारीखें टी-20 विश्व कप की तारीखों से टकरा सकती हैं। क्रिकेट डॉट कॉम ने टी-20 विश्व कप आयोजन समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉक्ले के हवाले से लिखा, हम खुद को उस सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लाना चाहते हैं, जहां से हम तय कार्यक्रम के अनुसार इस टूर्नामेंट का सफल आयोजन कर सकें। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम के अनुसार होगा। हम सभी पहलुओं से इस पर गौर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम आयोजन समिति, आईसीसी और सभी सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे हैं। अगर कुछ बदलाव होता है तो हम सबको इससे अवगत कराएंगे।

## पेप्सिको इंडिया 25 हजार टेस्ट किट व 50 लाख मील उपलब्ध कराएगा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोनावायरस महामारी के खिलाफ लड़ाई में अपना समर्थन बढ़ाते हुए, पेप्सिको इंडिया ने स्वास्थ्य सेवा और डायनोस्टिक सुविधाओं के लिए 25,000 टेस्ट किट उपलब्ध कराने का प्रण लिया है।


इसके अलावा, कंपनी ने कोरोनोवायरस के प्रकोप से प्रभावित परिवारों का समर्थन करने के लिए 50 लाख से अधिक भोजन देने को लेकर भी प्रतिबद्धता जाहिर की है। कंपनी ने



अपने एक बयान में कहा, पेप्सिको की परोपकारी शाखा पेप्सिको फाउंडेशन के साथ पेप्सिको इंडिया ने कोविड-19 के प्रकोप से प्रभावित परिवारों को सहायता देने के लिए 50 लाख से अधिक भोजन उपलब्ध कराने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। यह पहल पेप्सिको की हैशटैगगिवमिल्सगिवहॉप वैश्विक कार्यक्रम का हिस्सा है। कंपनी 25,000 कोविड-19 टेस्ट किट प्रदान कर महामारी से लड़ने के प्रयासों में सहायता करते हुए स्वास्थ्य सेवा और डायग्नोस्टिक सुविधाओं के लिए भी सहायता प्रदान कर रही है।

## विजेंदर को साल के आखिर में फिर से रिंग में लौटने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत के पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह को कोविड-19 के कारण अपनी सारी योजनाएं रद्द करनी पड़ीं लेकिन उन्हें साल के अंतिम छह महीनों में रिंग में उतरने और अपना पेशेवर करियर फिर शुरू करने की उम्मीद है।



विजेंदर अभी सर्किट में अजेय है और उन्होंने अपने सभी 12 मुकाबले जीते हैं। उनका अमेरिका के बाब आरुम के टॉप रैंक प्रमोशन्स के साथ अनुबंध है। अमेरिका भी अभी इस घातक महामारी की चपेट में है जिससे वहां लगभग 10,000 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलिंपिक पदक विजेता 34 वर्षीय विजेंदर ने कहा, 'मुझे मई में मुकाबले में उतरना था लेकिन वर्तमान स्थिति देखते हुए उसे रद्द कर दिया गया।

## आज का राशिफल

मेषः मेष राशि के जातकों का यह उत्कृष्ट समय है, उनका राशि स्वामी उच्च का होकर कार्य क्षेत्र में विराजमान है।

वृषभः वृषभ राशि के जातकों का राशि स्वामी अपने घर में विराजित होकर उनकी मजबूत स्थिति को दर्शा रहा है।

मिथुनः मिथुन राशि के जातकों का कार्यक्षेत्र में परेशानियों का दौर समाप्त नहीं हो पा रहा है।

कर्कः कर्क राशि के जातकों को वाणी की सौम्यता तथा बुद्धि का प्रयोग कार्यक्षेत्र में सफलता के मार्ग प्रशस्त करेगा।

सिंहः सिंह राशि के जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में रचनात्मकता बनी रहेगी। कार्य आसानी से सिद्ध होंगे।

कन्याः कन्या राशि के जातक कुछ शारीरिक अस्वस्थता महसूस करेंगे, जिसकी वजह से कार्य करने में मन नहीं लगेगा।

तुलाः तुला राशि के जातक कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों को परास्त करते हुए सफलता पाने में कामयाब होंगे।

वृश्चिकः वृश्चिक राशि के जातकों का परा म चारों ओर से सफलता प्रदान कर रहा है। काम करने में खूब मन लगेगा।

धनुः धनु राशि के जातक सोशल मीडिया के उपयोग के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र को बढ़ा सकते हैं। धन प्राप्ति के क्षेत्र में कुछ बाधाएं हैं।

मकरः मकर राशि के जातक एक अनजाने डर से घिरे रहेंगे, उन्हें अपने ऊपर विश्वास बनाए रखना चाहिए और मेहनत करते रहना चाहिए।


कुंभः कुंभ राशि के लोगों के लिए यह समय स्वचिंतन का है। कार्यक्षेत्र में परेशानियां क्यों आईं इस पर विचार करें, खर्च सोच-समझकर करें। यह समय धन प्राप्ति के लिए अनुकूल नहीं है।

मीनः मीन राशि के जातक कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद से बचें, धन की प्राप्ति के अच्छे अवसर आपको मिल रहे हैं।

## आमिर खान के साथ फिल्म करना चाहेंगी कंगना रनौत

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अपने कंधों पर फिल्म को सफल कराने के लिए जानी जाती हैं। फिर जब महिलाओं को पर्दे पर मजबूती के साथ दिखाने की बात हो तो इसमें फैंस उन्हें बेजोड़ मानते हैं।

हाल ही में एक इंट्रैक्शन के दौरान उन्होंने अपने ड्रीम रोल पर बात की। उन्होंने कहा कि वह अपने समय की मशहूर ऐक्ट्रेस मधुबाला और ऐक्टर दिलीप कुमार की लव स्टोरी पर फिल्म बनाना



चाहेंगी। कंगना ने कहा कि वह मधुबाला का रोल प्ले करना चाहती हैं और उनकी इच्छा है कि दिलीप कुमार का किरदार आमिर खान निभाएं। ऐक्ट्रेस ने यह भी बताया कि अनुराग बसु चाहते थे कि किशोर कुमार की बायॉपिक में वह मधुबाला का रोल अदा करें जिसमें रणबीर कपूर भी अहम किरदार में थे।

हालांकि, उन्होंने हमेशा उन फिल्मों से किनारा कर लिया जिसमें उन्हें पर्याप्त या मेल कैरक्टर जितना स्पेस न मिले। कंगना के मुताबिक, रणबीर कपूर ने उन्हें संजू ऑफर की थी लेकिन उन्होंने इसे करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह छोटे रोल नहीं करना चाहती थीं।

जब ऐक्ट्रेस से उन ऐक्टर्स का नाम लेने को कहा गया जिनके साथ वह फिल्में करना चाहेंगी, इस पर उन्होंने कहा, मैं अपनी विरासत से चिपके रहने का क्रेडिट डिजर्व करती हूं। मैं रणबीर कपूर और रणवीर सिंह के साथ सिर्फ तब काम करूंगी जब उनके ऑपोजिट मेरा भी बराबर रोल हो।

## अधिक एक्शन फिल्में करना चाहती हूं : प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अब तक की अपनी कई सारी फिल्मों में कई खतरनाक स्टंट्स किए हैं। उनका कहना है कि वह इन्हें और भी अधिक करना चाहती हैं क्योंकि उन्हें एक्शन फिल्में पसंद है।

प्रियंका ने बताया, मैंने हमेशा से अपने सारे स्टंट्स खुद किए हैं। मुझे अपनी बॉडी पर पूरा भरोसा है। मैं एक एथलीट हूं। मुझे एक्शन फिल्में वाकई में बहुत पसंद है। मैंने डॉन और चॉन्टिको में एक्शन दृश्य किए हैं। उम्मीद करती हूं कि आगे ऐसा और भी करने को मिले।



इस शैली को आमतौर पर पुरुषों का माना जाता रहा है। इसे लेकर पूर्व मिस वर्ल्ड ने कहा, मैं एक ऐसी इंसान हूं, जो दुनिया में लैंगिक समानता की बात पर यकीन रखती हूं। जिंदगी में उस दिन को देखने की उम्मीद करती हूं कि जहां हम किसी फिल्म को महिला-केंद्रित फिल्म कहने के बजाय उसे सिर्फ एक फिल्म कहेंगे, महिला निर्देशक कहने के बजाय उन्हें सिर्फ निर्देशक कहेंगे, महिला एथलीट की जगह सिर्फ एथलीट कहेंगे। प्रियंका के पास जिनमें से एक सुपरहीरो फिल्म भी है। इसका शीर्षक वी कैन बी हीरोज है। तो क्या दर्शक उन्हें सुपरहीरो के तौर पर देख पाएंगे? इस पर प्रियंका ने कहा, मैं आपको यह नहीं बता सकती।

## हरे छोलिया पनीर की सब्जी रेसिपी



**सामग्री :-**

300 ग्राम पनीर, 100 ग्राम स्प्रिंग अनियन, 20 ग्राम अदरक का पेस्ट, 5 हरी मिर्च, 3 ग्राम लाल मिर्च, 50 मिली टोमैटो प्यूरी, 100 ग्राम छोलिया, 100 ग्राम जीरा, 3 ग्राम गरम मसाला, 10 ग्राम अदरक, 20 ग्राम हरी धनिया, 2 टेबलस्पून घी

**विधि :-**

एक कड़ाही में घी डालकर गरम करें और प्याज डालकर हल्का सुनहरा करें। फिर कटी हुई हरी मिर्च, लाल मिर्च और नमक डालकर चलाएं। टोमैटो प्यूरी डालें और तब तक भूनें जब तक कि चिकनाई न छूटने लगे। छोलिया और गरम मसाला डालकर दोबारा 5 मिनट तक भूनें। फिर लगभग 240 मिली पानी मिलाएं। एक उबाल आने के बाद आंच मीडियम करें और पकने दें। अब पनीर को चौकोर टुकड़े में काटकर मिलाएं। नमक डालें और चलाएं। ऊपर से जीरा और गरम मसाला डालकर लगभग एक मिनट तक पकाएं। गरमा गरम सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 84

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 83 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सू-दोकू- 84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 83 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |